**Code No. 03**

Total No. of Questions : 51 ] [ Total No. of Printed Pages : 7

**March, 2009**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes ] [ Max. Marks : 100

**सूचना :** i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है ।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है ।

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

1) कहार ने ककड़ियों को कितने रुपये में खरीदा ?

2) सफेद बाल के आते ही आदमी क्या करने लगता है ?

3) लक्षणरहित संक्रमणावस्था का औसतन समय कितना है ?

4) लड़के ने लड़की से क्या पूछा ?

5) पेड़ पर क्या लटक रहे थे ?

6) कूडलसंगम किन नदियों का संगमस्थल है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 × 3 = 9

7) लेखक ने चाँदनी चौक का वर्णन किस प्रकार किया है ?

8) लेखक ने अपनी पीढ़ी के भविष्य के बारे में क्या कहा है ?

9) गुरुदेव के कुत्ते से संबंधित महिमाशाली घटना कौन-सी है ? सविस्तार लिखिए ।

10) एड्स रोग के हल्के किस्म के लक्षणों के बारे में संक्षेप में विवरण दीजिए ।

11) बसवेश्वर ने बिज्जळ के प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र क्यों दिया ?

II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा ? 4 × 1 = 4

12) ''दर्शनार्थी हैं क्या ?''

13) ''करो जर्मन के बादशाह का तर्पण ।''

14) ''आज और जाड़ा खा ले । कल से मैं यहाँ पुआल बिछा दूँगा ।''

15) ''मैंने पतिव्रता का धर्म निभाया है ।''

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 × 3 = 6

16) ''ऐसे ही इन दोनों को बचाना, यह मेरी शिक्षा है ।''

17) ''बाकी चुकाने के लिए ही हमारा जन्म हुआ है ।''

18) ''जनाब, अपना बोरिया-बिस्तर समेटिए और जरा चलते-फिरते नज़र आइये ।''

19) ''तुम्हें अपने कर्मों का फल स्वयं भुगतना होगा ।''

III. अ) निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

20) किसे पकड़कर मुर्गा खा गया है ?

21) कृष्ण के नेत्र कैसे हैं ?

22) पृथ्वी का कौन-सा आँचल लहराया है ?

23) तारे क्या माँग रहे हैं ?

24) घर में माँ क्या सहती रहती हैं ?

25) कवि क्या बनकर आया है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

26) जीवात्मा रूपी पत्नी राम रूपी प्रियतम से क्या कह रही है ?

27) सूरदास ने श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन किस प्रकार किया है ?

28) राधा पवन को कृष्ण के गृह में किस प्रकार प्रवेश करने के लिए कहती है ?

29) प्रियतम से मिलने की कवयित्री की बेचैनी का परिचय दीजिए ।

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : $2 \times 4 = 8$

30) पग बांध घुँघरयाँ णाच्यारी

लोग कह्याँ मीराँ बावरी, सासु कह्याँ कुलनासी, रीं ।

विष रो प्यालो राणा भेज्याँ, पीवाँ मीराँ हाँसाँ री ।

तण मण वार्याँ हरि चरणमाँ दरसण अमरित प्यास्याँ री ।

मीराँ रे प्रभु गिरधरनागर, थारी सरणाँ आस्याँ री ।

**अथवा**

जयति रन-अजिर गंधर्व-गुन-गर्वहर,

फिर किये रामगुनगाथ-गाता ।

मांडवी-चित्रचातक नवाम्बुद-बरन,

सरन तुलसीदास अभय दाता ।

31) स्वयं सुसज्जित करके क्षण में,

प्रियतम को, प्राणों के पण में,

हमीं भेज देती हैं, रण में —

क्षात्र-धर्म के नाते ।

**अथवा**

ग्राहक की मर्जी–अच्छा जाता हूँ ।

मैं बिल्कुल अंतिम और दिखाता हूँ —

या भीतर जाकर पूछ आइये, आप ।

है गीत बेचना, वैसे बिलकुल पाप;

क्या करूँ , मगर लाचार हार कर

गीत बेचता हूँ ।

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

32) गोपीचंद को कितने साल की सज़ा हुई ?

33) मटरू किस गाँव का नामी पहलवान था ?

34) किसानों की सबसे बड़ी कमज़ोरी क्या थी ?

35) दिन में बनिहार क्या खाते थे ?

36) मटरू ने बचपन में कौन-सी कहानी सुनी थी ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 5 = 10

37) गोपीचंद ने अपने भाई की हत्या का बदला कैसे लिया ?

38) मटरू सिंह और गोपीचंद की पहली मुलाकात का वर्णन कीजिए ।

39) मटरू की मस्त पहलवानी का परिचय दीजिए ।

40) जमींदारों के अत्याचारों का वर्णन कीजिए ।

V. अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 4 × 1 = 4

41) i) तुम विवाह न किया होता ।

ii) वहाँ कोई दुर्घटना हुआ ?

iii) मैंने तेरे को आते ही पहचान लिया ।

iv) कोई को विधवा बनाना युग धर्म नहीं है ।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिह्नों से रिक्त स्थानों को भरिए : 4 × 1 = 4

( से, में, ने, का )

42) i) बिजली ...................... आविष्कार किसने किया ?

ii) माँ .................. लोरी सुनाई ।

iii) वह टकसाल ................... काम करता था ।

iv) वह कलम .................... लिखता है ।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 4 × 1 = 4

43) i) रमेश मुझे पुस्तक देता है । ( भविष्यत् काल में बदलिए )

ii) भगवान हमारी रक्षा करता है । ( भूतकाल में बदलिए )

iii) मीरा आम खाती है । ( वाच्य बदलिए )

iv) शिकारी ने शेर को मारा । ( वाच्य बदलिए )

ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

44) i) उँगली पर नचाना a) मूर्ख बनाना

ii) घर में गंगा बहाना b) अपने वश में कर लेना

iii) उल्लू बनाना c) प्रत्युत्तर देना

iv) मुँहतोड़ जवाब देना d) आमदनी ज्यादा होना ।

उ) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

45) राजपूत, लेखक ।

ऊ) निम्न के अन्य वचन रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

46) रुपया, घर ।

VI. निम्नलिखित अनुच्छेद का सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : 1 × 5 = 5

47) मनुष्य तभी तक मनुष्य है, जब तक वह प्रकृति से ऊपर उठने के लिए संघर्ष करता है । यह प्रकृति दो प्रकार की है — आंतरिक और बाह्य । प्रकृति को अपने वश में कर लेना बड़ी अच्छी और बड़े गौरव की बात है, पर अंत: प्रकृति पर विजय पा लेना उससे भी अधिक गौरव की बात है । ग्रहों और तारों का नियमन करने वाले नियमों का ज्ञान प्राप्त कर लेना गौरवपूर्ण है, पर मानव जाति की वासनाओं, भावनाओं और इच्छा का नियमन करने वाले नियमों को जान लेना उससे अनंत गुना अधिक गौरवपूर्ण है ।

**अथवा**

अपने विद्यालय की व्यवस्था और पढ़ाई का परिचय देते हुए अपनी माताजी को एक पत्र लिखिए ।

48) निम्न के हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

a) Srirangapattana is a historical place.

ಶ್ರೀರಂಗಪಟ್ಟಣವು ಒಂದು ಐತಿಹಾಸಿಕ ಸ್ಥಳ.

b) It was the capital city of Tipu Sultan.

ಇದು ಟಿಪ್ಪು ಸುಲ್ತಾನನ ರಾಜಧಾನಿಯಾಗಿತ್ತು.

c) It is very near to Mysore.

ಇದು ಮೈಸೂರಿಗೆ ಬಹಳ ಸಮೀಪದಲ್ಲಿದೆ.

d) There is Raganatha temple and also Bird Sanctuary.

ರಂಗನಾಥಸ್ವಾಮಿ ದೇವಾಲಯ ಮತ್ತು ಪಕ್ಷಿಧಾಮವೂ ಸಹ ಇದೆ.

e) I had been to Kailas Mansarovara with my friend and husband.

ನಾನು, ನನ್ನ ಸ್ನೇಹಿತೆ ಮತ್ತು ಪತಿಯೊಡನೆ ಕೈಲಾಸ ಮಾನಸ ಸರೋವರಕ್ಕೆ ಹೋಗಿದೆ.

VII. अ) निम्न के पद परिचय दीजिए : 1 × 3 = 3

49) राम कौसल्या का पुत्र था ।

आ) निम्नलिखित उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए : 4 × 1 = 4

50) जय, ईमान, सफलता, कीर्ति ।

इ) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग को अलग कर लिखिए : 3 × 1 = 3

51) आजीवन, अपहरण, सपरिवार ।